# UNNAT BHARAT ABHIYAN

उन्नत भारत अभियान
UNNAT BHARAT ABHIYAN

**VISHWAVIDYALAYA ENGINEERING COLLEGE, AMBIKAPUR (C.G.)**

(State Government Owned Organization)

## Health Related Awareness Workshop at Village-Digma


**(ग्राम-डिगमा में स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता कार्यशाला)**

Date: 20th April 2022 (Wednesday)

# REPORT


विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बिकापुर के द्वारा गोद ग्राम-डिगमा में "उन्नत भारत अभियान" के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया |


कार्यशाला का सुभारम्भ ग्राम – डिगमा अटल चौक से ग्रामपंचायत डिगमा तक रैली निकल कर किया गया, जिसमे अध्यक्ष डॉ आर. एन. खरे (प्राचार्य, विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बिकापुर), मुख्य अतिथि श्री राधेलाल जी (सरपंच) ग्राम - डिगमा, विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषि मिश्रा (मेडिकल ऑफिसर, अम्बिकापुर) एवं श्रीमती नीतू केशरी (स्टाफ नुर्स, पी.एच.सी., फुन्दुल्दिहरी, अम्बिकापुर), समन्वयक श्री मोहन राव मामडीकर (एच.ओ.डी.), सह-समन्वयक श्री मनोज कुमार देवांगन (सहायक-प्राध्यापक) एवं अन्य सह/सहायक प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने उपस्थिती दर्ज की |






ग्रामपंचायत – डिगमा प्रांगण में सरस्वती वंदना व् पूजा का आयोजन किया गया | जिसमे प्राचार्य महोदय ने दीप प्रज्वलन व् पूजन किया |







I/C UBA
pl. upload in website in UBA folder
7/5/2022


कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्री राधेलाल जी (सरपंच) ग्राम-डिगमा, विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषि मिश्रा एवं श्रीमती नीतू केशरी, अध्यक्ष डॉ आर. एन. खरे का स्वागत क्रमशः समन्वयक श्री मोहन राव मामडीकर और सह-समन्वयक श्री मनोज कुमार देवांगन एवं अन्य ने किया |






श्री मोहन राव मामडीकर ने सरपंच महोदय, अतिथियों, अध्यक्ष महोदय का स्वागत संबोधन कर "उन्नत भारत अभियान" को विस्तार से समझाते हुए ग्रामीण स्तर पर किये जा रहे कार्यों की जानकरी दी एवं सभी को अभियान के उद्देश्यों से अवगत किया |







कार्यशाला में प्राचार्य डॉ आर. एन. खरे के द्वारा "उन्नत भारत अभियान" पर विवेचना की गयी और ग्राम में स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से सम्बंधित समश्याओं को चिन्हित कर उनका समाधान खोजने के लिए तकनीकी छात्रों को प्रेरित किया |







इसी तारतम्य में डॉ ऋषि मिश्रा द्वारा आयुष्मान कार्ड की महत्ता व उपयोग से ग्रामीण जनता को मिलने वाले लाभ के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए "उन्नत भारत अभियान" पर भी अपने विचार रखे | श्रीमती नीतू केशरी ने मानसिक रोगों के प्रकार, रोकथाम व उपचार इत्यादि विषयों पर जागरूक किया |





श्रीमती पूजा पात्रे (सहायक-प्राध्यापक) ने "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" पर जागरूकता के लिए जनसामान्य तक छात्रों को बात पहुचने के लिए प्रेरित किया तथा बेटी के शिक्षित होने से पारिवारिक एवं सामाजिक उत्थान के महत्वपूर्ण विषय को सरलता से समझाया |






कार्यशाला की सभी जानकारियों को जनसामान्य में सरलता से रखने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन वि.वि. इंजी. कॉलेज, अम्बिकापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया |

नाटक के मनोरंजक तरीके से ग्रामीण जनता के बीच व्याप्त अंधविश्वास की धारणा के खंडन को प्रमाणित कर रही महिला चिकित्सक की भूमिका को बड़ी मजबूती से दिखाया गया |

इस नुक्कड़ नाटक में सर्पदंश पीडित परिवार को मिलने वाले 'आयुष्मान कार्ड' के लाभ एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' के संदेश को सम्मलित रूप से सभी के समक्ष रखा गया, जिसे जनसामान्य ने रुचिपूर्वक देखा |









कार्यक्रम के समापन पर श्री मनोज कुमार देवांगन ने संबोधन करते हुए कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया |

कार्यक्रम में उपस्थिती देने वाले सभी को स्वल्पाहार वितरण पश्चात प्रमाणपत्र भी प्रदान किये गए |







पेपर कटिंग

# विवि इंजीनियरिंग कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



अम्बिकापुर @ पत्रिका. विवि इंजीनियरिंग कॉलेज में उन्नत भारत अभियान के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि मिश्रा मेडिकल ऑफिसर अम्बिकापुर तथा विशिष्ट अतिथि नीतू केशरी स्टाफ नर्स शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कार्यक्रम समन्वयक मोहन राव मामडिकर विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर सांइस इंजीनियरिंग थे। कार्यक्रम समन्वयक मोहन राव मामडिकर ने उन्नत भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन खरे ने सभी अतिथियों तथा ग्रामीणों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने उद्बोधन में कहा कि हमारे इंजीनियरिंग कॉलेज में पर्याप्ति संसाधन तथा फैकल्टी हैं, जिसका उपयोग गांव के विकास तथा गांव के समस्या को दूर करने में उपयोग किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि मिश्रा ने भारत सरकार तथा राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे आयुषमान कार्ड बनाने तथा उनके फायदे के बारे में जानकारी दी। नीतू केशरी ने मानसिक रोगों के प्रकार, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया। पूजा पात्रे सहायक प्राध्यापक ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात सांस्कृतिक समिति द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच राधे लाल एवं ग्रामीण जन तथा कॉलेज के स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम समन्वयक समिति सदस्यों की सूची

| क्र. | नाम | पदभार | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ आर. एन. खरे | अध्यक्ष | प्राचार्य<br>विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>अम्बिकापुर |
| 2 | श्री मोहन राव मामडीकर | समन्वयक | एच.ओ.डी.<br>कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग |
| 3 | श्री मनोज कुमार देवांगन | सह-समन्वयक | सहायक प्राध्यापक<br>इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग |
| 4 | डॉ नेहा शर्मा | अतिथि सत्कार | सहायक प्राध्यापक<br>भौतिकी |
| 5 | श्रीमती जसमीन मिंज | सांस्कृतिक<br>कार्यक्रम | सहायक प्राध्यापक<br>कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग |
| 6 | श्रीमती पूजा पात्रे | सांस्कृतिक<br>कार्यक्रम | सहायक प्राध्यापक<br>कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग |
| 7 | डॉ एच. एल. सूर्यवंशी | बैठक व्यवस्था | सहायक प्राध्यापक<br>गणित |

कार्यशाला में उपस्थित देने वाले विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बिकापुर के सह-प्राध्यापकों व सहायक-प्राध्यापकों की सूची –

| क्रमांक | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमित एक्का | एच.ओ.डी.<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 2 | श्री विजय कुमार शुक्ला | एच.ओ.डी.<br>सिविल इंजीनियरिंग |
| 3 | श्रीमती पूनम दीवान | सहायक-प्राध्यापक<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 4 | श्री केतन चौरसिया | सहायक-प्राध्यापक<br>सिविल इंजीनियरिंग |
| 5 | श्री अंकित राज निराला | सहायक-प्राध्यापक<br>सिविल इंजीनियरिंग |
| 6 | श्री कमलेश रात्रे | सहायक-प्राध्यापक<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 7 | डॉ एच. एस. चन्द्र | सह-प्राध्यापक<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 8 | डॉ आर. के. साहू | सह-प्राध्यापक<br>रसायन |

**उन्नत भारत अभियान**
**सदस्य**

**उन्नत भारत अभियान**
**समन्वय**

श्री मनोज कुमार देवांगन

श्री मोहन राव मामडीकर

श्री महिधर दुबे

डॉ बी. सी. साहू